Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding declaration of highways in Rajasthan as National Highway.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, आपका धन्यवाद। जब आप विराजते हैं, तो लगता है कि निश्चित रूप से हमें बोलने का अवसर मिलेगा। आपके माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने अपने पिछले विभिन्न दौरों में राजस्थान में 4,772 किलोमीटर की 50 सड़कों को नेशनल हाइवे घोषित करने की बात कही थी, व जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे को एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित करने की बात कही थी, मगर अभी तक उन पर अमल नहीं हुआ है।

इसी क्रम में राजस्थान के फलौदी, नागौर, तरनाऊ, खाटू, नारायणपुरा, भाटीपुरा, दूदू, दौसा खण्ड को मंत्री जी ने सैद्धांतिक नेशनल हाइवे की मंजूरी दे रखी है, परन्तु अभी तक नेशनल हाइवे डिक्लेयर का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है, कृपया इसे नेशनल हाइवे घोषित किया जाए।

माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के मामले नियम 377 के माध्यम से पिछली बार भी दिये थे। ये वैसे मामले हैं, जिन पर राजस्थान की सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

माननीय सभापति: आप एक विषय उठा चुके हैं।

श्री हनुमान बेनीवाल: सभापति महोदय, मैं एक मिनट में ही बोल दूंगा। राज्य राजमार्ग 39 पर मुंडवा से झनाणा, खजवाना, रुण, गागुड़ा, फांटा व मेड़ता रोड होते हुए मेड़ता सिटी तक 61.20 किलोमीटर, चातर-माँजरा से ढिंगसरा, भेड़, बैराथल से पांचला सिद्धा तक एमडीआर 37ए श्रेणी की 32 किलोमीटर, वहीं एमडीआर 37बी श्रेणी की सड़क ग्राम मुंदीयाड़ से शीलगांव, डेहरु होते हुए जोरावपुरा तक 16 किलोमीटर, झिंटिया से जड़ाऊ, माँखियास, जेजास,

लाम्पोलाई रलियावता, धोलेराव, मोर्रा, रेण होते हुए सांजू तक 38 किलोमीटर, वहीं एमडीआर 224 श्रेणी की जोधपुर जिले के कवासपुरा से पुंदलु, गगराना, इंदावड़, भूरियासनी, कातियासनी, चुंदिया, श्यामपूरा, पांचडोलिया, रासलियावास, हिंदास, जेसास, लाम्पोलाई से गूलर तक 65.45 किलोमीटर, राज्य राजमार्ग 19 पर करणु से भोमासर, पांचोड़ी, देउ, भुण्डेल, चावण्डिया फांटा, गुड़ा, भगवानदास, सुखवासी, सिंगड़ होते हुए गोगेलाव तक 62 किलोमीटर, वहीं राज्य राज्यमार्ग 87 ए पर रंजितपुरा से ओसियाँ तक जाने वाली सड़क पर नागौर जिले में पांचोड़ी-तान्तवास तक 19 किलोमीटर सड़क के निर्माण व बोरावड़ से खाटू सड़क पर कालवा फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के साथ-साथ नागौर-बिकानेर एन.एच. से बाईपास(रिंग रोड), नागौर-फतेहपुर-पाली एन.एच. गोगेलाव की तरफ एक बाईपास जोड़ना है, उसकी स्वीकृति के लिए भी मंत्री जी आदेश दें।

माननीय सभापति: आपने आज चार शून्य प्रहर का समय लिया है।